कार्यालय जनपद न्यायाधीश, वाराणसी।

आदेश सं0 62 /2026 फरवरी 16 ,2026

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों के उपयोग हेतु कैलेण्डर वर्ष 2026 एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या 68/Xe-C-4 दिनांकित 26.07.1980 में निहित व्यवस्था में दिये गये निर्देशानुसार एवं दी सेन्ट्रल बार एसोसिएशन, 'बनारस', वाराणसी व दी बनारस बार एसोसिएशन, वाराणसी से विचार विमर्श उपरान्त वर्ष 2026 हेतु निम्नलिखित **स्थानीय अवकाश** घोषित किये जाते हैं–

1. दिनांक 05.03.2026 (गुरूवार) : होली के उपलक्ष्य में
2. दिनांक 20.03.2026 (शुक्रवार) : रमजान महीने का अन्तिम जुम्मा का अवकाश
3. दिनांक 28.08.2026 (शुक्रवार) : रक्षाबन्धन के उपलक्ष्य में
4. दिनांक 11.11.2026 (बुधवार) : भैयादूज के उपलक्ष्य में
5. दिनांक 24.11.2026 (मंगलवार) : देव दीपावली/कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में

इसके अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा वर्ष 2026 हेतु जारी कैलेण्डर के पैरा 7 में वर्णित राष्ट्रीय व अन्य अवकाश यदि द्वितीय शनिवार या रविवार को पड़ता है तो उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस को अवकाश के रूप में घोषित किया जा सकता है, के अनुपालन में निम्नलिखित **स्थानापन्न अवकाश** घोषित किये जाते हैं:–

1. दिनांक 19.10.2026 (सोमवार)	महाअष्टमी (दशहरा अवकाश)	(15.02.2026) महाशिव रात्रि रविवार को पड़ने के कारण
2. दिनांक 10.11.2026 (मंगलवार)	दीपावली अवकाश	(08.11.2026) दीपावली रविवार को पड़ने के कारण

तद्नुसार इसकी सूचना माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, समस्त न्यायिक अधिकारीगण, बार एसोसिएशन द्वय एवं जिलाधिकारी, वाराणसी को दी जाय। इस आदेश की एक प्रति नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की जाय।

जनपद न्यायाधीश
वाराणसी।